
मंगलवार
18 जुलाई 2023



पृष्ठ 4

**पेट दर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**



पृष्ठ 5

**जी ले जरा फिल्म से बाहर हुई देसी गर्ल**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 162
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कविता गाकर रिझाने के लिए नहीं, समझ कर खो जाने के लिए है।

– रामधारी सिंह दिनकर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

## पहाड़ पर आफत की बारिश, मैदान में अलर्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार राजधानी दून सहित चमोली, पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में बीती रात से झमाझम बारिश का दौर जारी है। पहाड़ पर हो रही बारिश और श्रीनगर बांध से छोड़े गये पानी के कारण मैदानी क्षेत्रों में तबाही का मंजर बन गया है। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर राज्य के हालात की जानकारी ली तथा सभी जिलों के अधिकारियों को स्थिति पर नजर बनाए रखने व किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

रूद्रप्रयाग से प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात से यहां भारी बारिश हो रही है जिसके कारण बांसवाड़ा सहित 5 स्थानों पर भूस्खलन से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। वही उत्तरकाशी में भारी बारिश के कारण मनेरी के पास भूस्खलन की चपेट में आया एक पिकअप वाहन खाई में गिर गया लेकिन चालक



**●घर, मकान ढहे, वाहन बहे**
**●दून, टिहरी, हरिद्वार में अलर्ट**

कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। गंगोत्री राजमार्ग पर मलबा आने से मार्ग बंद हो गया है। चमोली हाईवे पर छिनका पीपलकोटी में बारिश के कारण फिर भूस्खलन के चलते मार्ग बंद हो गया है। टिहरी और नैनीताल में भी बीती रात से लगातार बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

राजधानी दून में बीती रात से भारी बारिश के कारण कई आवासीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है वहीं रायपुर क्षेत्र में कई मकानों और दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। मसूरी में भी भारी बारिश होने की खबर है। बीती रात से कुमाऊं मंडल में हो रही भारी बारिश ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है।

पहाड़ पर हो रही भारी बारिश के कारण गंगा तथा अलकनंदा नदी उफान पर है बागेश्वर में हुई भारी बारिश के कारण सरयू नदी भी रौद्र रूप धारण कर चुकी है। श्रीनगर बांध से फिर 3000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से टिहरी, पौड़ी, दून, हरिद्वार और ऋषिकेश में लोगों को अलर्ट किया गया है।

रुड़की, लक्सर और नारसन तथा खानपुर का जो क्षेत्र पहले ही बाढ़ की भीषण त्रासदी झेल रहा है बीती रात से हो रही बारिश के कारण वहां और अधिक गंभीर हालात पैदा हो गए हैं। रुड़की में जलभराव की स्थिति पर डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। वही हरिद्वार बाढ़ को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सरकार पर बड़ा हमला किया है उनका कहना है कि सरकार प्रभावितों की मदद में नाकाम साबित रही है।

## चुनौती से निपटने के लिए प्रशासन रहे अलर्ट मोड पर: सीएम धामी



संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन कंट्रेल रूम में पहुंच प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को फोन पर वार्ता कर निर्देश दिये कि चुनौती का सामना करने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिए कि हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा जाय। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपदा की स्थिति में लोगों को शीघ्र राहत मिले, इसके लिए पूरी तैयारी रखी जाए। जनपदों में खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पूरी व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा के कारण सड़क, विद्युत, पेयजल व्यवस्थाएं बाधित होने की दशा में, सभी व्यवस्थाएं संबंधित विभागों से तत्काल सुचारू की जाय।

मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि लक्सर, खानपुर एवं प्रदेश के अन्य ऐसे स्थानों जहां पर कम बरसात के बावजूद भी जलभराव की समस्याएं आ रही हैं, ऐसे स्थानों के लिए ड्रेनेज की उचित व्यवस्था हो, इसके लिए दीर्घकालिक प्लान बनाया जाय। सभी जिलाधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं, ताकि जनपदों में कुछ भी आवश्यकता

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## 'मोदी सरनेम' केस में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 21 जुलाई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 21 जुलाई को सुनवाई होगी। कांग्रेस नेता ने इस मामले में गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट



से सजा और दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग की है। बता दें कि इस महीने के पहले हफ्ते में हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सूरत की सेशन कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिया था। इसके साथ ही उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद राहुल ने गुजरात हाई कोर्ट में याचिका लगाकर निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिका खारिज होने पर राहुल ने गुजरात हाईकोर्ट के दोष पर रोक लगाने से इनकार करने वाले फैसले के खिलाफ केस किया है। सूरत की सेशन कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि मामले में दोषी करार दिया था, साथ ही दो साल की सजा भी सुनाई थी। निचली अदालत ने राहुल को जमानत तो दे दी थी, लेकिन दोषी करार दिए जाने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 4 आतंकवादियों को मार गिराया

श्रीनगर। सेना ने पिछले 24 घंटों में एलओसी से सटे पुंछ जिले में 6 आतंकियों को ढेर किया है। इनमें से 2 को कल सुबह एलओसी पर ही मार गिराया गया था और चार को आज तड़के सुरनकोट इलाके में।

सेना प्रवक्ता ने बताया कि पुंछ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। आतंकियों के खिलाफ एनकाउंटर में 4 आतंकी मारे गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, ये आतंकी पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ के लिए भेजे गए थे और कश्मीर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सुरक्षाबलों ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। आतंकियों पर ड्रोन के जरिए नाइट सर्विलांस से



नजर रखी गई थी।

सेना के अधिकारी के अनुसार, आज सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी के साथ मुठभेड़ फिर से शुरू हो गई। भारतीय सेना के विशेष बल, राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अन्य बलों के साथ ऑपरेशन का हिस्सा थे। ऑपरेशन में मारे गए आतंकवादी संभवतः विदेशी आतंकवादी हैं और उनकी पहचान का पता लगाया जा रहा है। एक सेनाधिकारी का दावा था कि मारे गए आतंकी अमरनाथ यात्रा के साथ साथ स्वतंत्रता दिवस पर तबाही मचाने के लिए इस ओर आ रहे थे। मारे गए आतंकियों से मिले दस्तावेज इसकी पुष्टि करते थे।

इससे पहले 23 जून को भी सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगीं थी। सेना ने कुपवाड़ा में चार आतंकियों को ढेर किया था। इस एनकाउंटर को लेकर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया था कि आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से यहां घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद संयुक्त अभियान के दौरान आतंकियों को मार गिराया।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

### रामपुर तिराहा कांड में न्याय कब तक?

रामपुर तिराहा कांड को 28 साल पूरे होने जा रहे हैं। उत्तराखंड राज्य भी अब अपने शैशव काल से निकलकर युवा उत्तराखंड बनने जा रहा है। उत्तराखंड राज्य के नेताओं को हमने अनेक बार राज्य के विकास पर इतराते हुए देखा है और सत्ता में बैठे लोग हमेशा ही उत्तराखंड राज्य को शहीदों के सपनों का राज्य बनाने के दावे करते रहे हैं। लेकिन उत्तराखंड राज्य में सत्ता शीर्ष पर रहने वाली भाजपा और कांग्रेस की अब तक की सरकारें क्या रामपुर तिराहा कांड के शहीदों और मातृशक्ति को जिनका रामपुर तिराहा कांड में चीरहरण हुआ उन्हें इंसाफ दिला सकी है? यह सवाल बीते कई सालों से खास तौर पर उस समय जरूर उठता रहा है जब रामपुर तिराहा कांड की बरसी होती है। तुम्हारे कातिल जिंदा है और हम बहुत शर्मिंदा हैं के नारे लगाने वालों से यह सवाल जरूर पूछा जाना चाहिए कि क्या वह वास्तव में शर्मिंदा हैं और अगर वह शर्मिंदा है तो कब तक शर्मिंदा रहेंगे? राज्य को बने हुए अब 23 साल होने जा रहे हैं और आप की सरकार है तो आप अब तक पीड़ितों को न्याय क्यों नहीं दिला सके? सूबे के नेता अपने दिल पर हाथ रख कर सोचे क्या सत्ता में रहते हुए उन्होंने न्याय के लिए ईमानदारी से कोई प्रयास किया है? अगर किया होता तो क्या 27-28 सालों में न्याय नहीं मिला होता। रामपुर तिराहा कांड में अगर आज तक न्याय नहीं मिल सका है तो इसके लिए सूबे के वह नेता और राजनीतिक दल जिम्मेवार हैं जो सत्ता में रहे हैं। इस अत्यंत ही संवेदनशील मुद्दे को नेताओं ने राज्य बनने के बाद इस लिए दरकिनार कर दिया गया क्योंकि उन्हें सत्ता भोग ज्यादा रास आया। रामपुर तिराहा कांड जिसमें 7 लोग शहीद हुए हैं तथा 4 लापता जिन्हें बाद में शहीद मान लिया गया कुल 11 लोग शहीद हुए थे और सीबीआई जांच में 16 महिलाओं के साथ दुराचार की पुष्टि की गई उन्हें अब तक न्याय दिलाने की लड़ाई जारी है लेकिन न्याय कब मिल पाएगा? मिल भी पाएगा या नहीं इसका जवाब किसी के पास नहीं है। यह कानूनी लड़ाई कहां तक पहुंची है इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बीते कल मुजफ्फरनगर कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने जो चार्ज सीट दाखिल की है उसमें कहा गया है कि जिन महिलाओं के साथ दुराचार हुआ उनके नाम पते गलत होने के कारण अभी तक उन्हें समन तामील नहीं कराई जा सके हैं अब कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाते हुए 24 जुलाई को पीड़ित महिलाओं को कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। 26 27 साल में यह कानूनी लड़ाई सूबे की सरकार और नेता कैसे लड़ रहे हैं इससे इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कितने शर्मिंदा हैं। अभी बीते दिनों दिल्ली में हैवानियत का शिकार हुई उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के नाम पर कई सूबे के नेताओं को हमने देखा था सूबे के यह नेता अंकिता हत्याकांड को लेकर खूब उठक बैठक कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब इन नेताओं ने 27 साल में रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए कुछ नहीं किया तो यह किसी को क्या न्याय दिलाएंगे? जिस सीबीआई को सरकार का तोता कहा जाता है वह 27 साल में भी पीड़ित महिलाओं को नहीं ढूंढ सकी यह उसकी कार्यशैली को बताने के लिए काफी है। रामपुर तिराहा कांड का कोई पीड़ित और आरोपी अगले 27 साल जीवित बचेगा या नहीं क्योंकि आधे तो अब तक इन 27 सालों में मर खप गए हैं। बाकी भी जब तक न्याय मिलेगा इस ग्रह पर होंगे या नहीं फिर न्याय का करना भी क्या है।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसारं प्रभारी ऋषिकेश कोतवाली पुलिस बस अड्डा ऋषिकेश के पास से एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से छह पेटी शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम शहबाज पुत्र जमील निवासी ग्राम गंदेवड थाना छुटमलपुर जिला सहारनपुर, हाल निवासी भल्ला फार्म श्यामपुर ऋषिकेश बताया। वहीं रायपुर थाना पुलिस ने बद्रीपुर रोड पर एक स्कूटी सवार को 60 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम संजय रावत पुत्र देवेन्द्र रावत निवासी लोअर नेहरू ग्राम बताया।

**विष्णोणो कर्मणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे ।**
**इन्द्रस्य युज्य सखा॥**
(ऋ० १.२२.१९)

हे मनुष्यो! आप लोग उस सर्वव्यापक जगत्पिता के, जगन्निर्माणादि आश्चर्य कर्मों को देखो और विचारो, जो उसने अपने प्रिय पुत्रों के लिए अवश्य कर्तव्य रूप से नियम निश्चित किए हैं उनको देखो, क्योंकि इन्द्रियों के स्वामी जीव का एक वही योग्य मित्र है। वह दयामय प्रभु जीवात्मा के हित के लिए अनेक अद्भुत कर्म कर रहा है, उसकी अपार कृपा है।

# दून के 'टिहरी नगर' में आयोजित होगी टिहरी की 1952 की प्राचीन रामलीला: थापर

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून द्वारा पुरानी टिहरी की ऐतिहासिक रामलीला को देहरादून में पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु टिहरी नगर मूल विस्थापित समिति, अजबपुर, देहरादून के साथ बैठक कर एक समन्वयक-समिति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया की अजबपुर, देहरादून स्थित 'टिहरी नगर' में रामलीला आने वाले शारदीय नवरात्रों में 15 अक्टूबर 2023 से भव्य रूप से आयोजित की जाएगी।

श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने कहा की टिहरी की रामलीला का अपने आप में बहुत बड़ा इतिहास है और यह रामलीला 1952 से पुरानी टिहरी डूबने तक और टिहरी के जलमग्न होने के बाद अब नई टिहरी में कई वर्षों से की जा रही है। रामलीला से न सिर्फ इतिहास को जीवित करने का मौका मिलता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मनोरंजन से अपने इतिहास और सनातन धर्म की परंपराओं के साथ जुड़ने का अवसर भी मिलता है।

उल्लेखनीय है की इस रामलीला में चौपाई, कथा, संवाद,मंचन आदि सब टिहरी की 1952 से चली आ रही प्रसिद्ध व प्राचीन रामलीला के जैसा ही होगा, जिससे टिहरी के लोगों का अपनत्व देहरादून में भी जुड़ा रहे।

टिहरी-नगर देहरादून में आयोजित हुई बैठक में सचिव अमित पंत , गिरीश चन्द पांडे, नरेश मुल्तानी, मनोज जोशी, राकेश पांडे, अंबुज शर्मा, नितिन पांडे आदि ने भाग लिया।

# सिटीजंस फोर क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस ने किया पौधरोपण



संवाददातार

देहरादून। हरेला पर्व पर सिटीजंस फोर क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस समिति ने वृक्षारोपण किया।

आज यहां सिटीजंस फोर क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस समिति द्वारा समिति के अध्यक्ष आर के हांडा की अध्यक्षता में उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला पर्व के अवसर पर देहरादून छावनी क्षेत्र की विधायक श्रीमती सविता कपूर की मुख्य अतिथि की गरिमामय उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद उद्यान (एम डी डी ए पार्क) के सामने वाले मैदान विंग ३ प्रेमनगर देहरादून में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 50 से 100 वृक्ष रोपित किए गए जिनमें मुख्यता अमरूद, आंवला, नीम, गुलमोहर, नींबू इत्यादि वृक्ष शामिल किए गए।पौधारोपण के इस मानसून सत्र के प्रथम अभियान में समिति के अध्यक्ष आर के हांडा, शरणजीत सिंह उपाध्यक्ष, अमरनाथ कुमार पूर्व अध्यक्ष, आलोक आहूजा, सचिव, राजेश बाली, कोषाध्यक्ष,पंडित केवल शुक्ला, मीडिया प्रभारी, विक्की खन्ना, पूर्व पार्षद छावनी परिषद, सुभाष जसोरिया महासचिव, राजेश भाटिया,मुख्य संरक्षक, अमर सिंह,, संदीप भाटिया, प्रकाश राठौर, हिमांशु गोगिया, हरीश शर्मा इत्यादि सदस्य तथा विशेष अतिथि के रूप में सुभाष नागपाल, गिरोटी, अजय भाटिया एवम श्रीमती अनीता मल्होत्रा भी उपस्थित थे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष अपनी टीम के साथ बस्तियों व कालोनियों में पहुंचे

संवाददाता



देहरादून। शहर में भारी बारिश के चलते बस्तियों, कालोनियों में पानी से हुए नुकसान व लोगों की परेशानी को देखने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल अपनी टीम के साथ पहुंचे।

आज यहां महानगर में लगातार हो रही बारिश से आमजन को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। त्वरित समाधान के लिए भाजपा संगठन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रयासरत हैं। आज इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी देहरादून सिद्धार्थ अग्रवाल ने 21 कैंट विधानसभा शास्त्रीनगर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालत उत्पन्न होने के कारण स्थानीय क्षेत्रवासियों के घरों में पानी जाने से हो रही परेशानी को देखते हुए श्रीमती रीमा देवी मंडल मंत्री प्रेमनगर कांवली से मिली सूचना पर तत्काल स्थानीय भाजपा पदाधिकारी को लेकर मौके पर गए साथ ही स्थानीय पार्षद में श्रीमती मीरा कठैत एवं पूर्व पार्षद ओमेंद्र सिंह भाटी से समस्या के स्थायी समाधान करने का आग्रह किया एवं अपने स्तर से यथा संभव का आश्वासन दिया।

इस दौरान महानगर संयोजक सोशल मिडिया आशीष शर्मा महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया रंजीत सेमवाल मंडल अध्यक्ष अंजू बिष्ट मंडल उपाध्यक्ष शिशिर कांत त्यागी मंडल उपाध्यक्ष राहुल चौहान, तेजपाल सैनी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष उदय राम संदीप कठैत भी उपस्थित रहे।

महानगर अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के समस्त महानगर पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि कि सभी पदाधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र में जहां पर भी किसी प्रकार की आम जनमानस को बरसात के कारण कोई भी समस्या हो रही हो वहां पर आप अपने तरफ से सहयोग करें।

# आर्यन संगठन ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता

देहरादून। हरेला पर्व पर सुभारती अस्पताल के संयोजन से आर्यन संगठन ने वृक्षारोपण किया।

आज सुभारती अस्पताल के संयोजन से आर्यन संगठन ने हरेला के पावन पर्व पर पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण का शुभारंभ किया सुभारती विश्वविद्यालय की तरफ से विकेंद्र सिंह कठैत ने प्रदेश अध्यक्ष अनिल डबराल को वृक्ष दे कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



आर्यन संगठन के प्रदेश महासचिव गोतम काला ने कहा की आर्यन संगठन की आर्यन छात्र इकाई पूरे प्रदेश में हरेला के उपलक्ष्य में प्रदेश के सारे विश्वविद्यालय में वृक्षरोपण का कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। प्रदेश अध्यक्ष अनिल डबराल ने हरेला के पावन पर्व पर सभी लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सुभारती के अधिकारी विकेंद्र सिंह कठैत और आर्यन के जिला अध्यक्ष अखिलेश क्षेत्री ,आकाश गोर (पूर्व महासचिव कंअ पीजी कॉलेज) ललित पंवार (पूर्व महासचिव ैळत्त पीजी कॉलेज), जयबीर रावत, मगन नेगी, करन , सौरब रावत, सुमित श्रीवास्तव, सोयेब , करन आदि उपस्थित रहे।

# सरकार शसक्त भू कानून सख्ती से लागू करे:डंडरियाल

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार सख्ती से सशक्त भू कानून लागे करे जिससे बाहरी लोगों का यहां पर दखल कम हो सके।

आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह शसक्त भू कानून को सख्ती के साथ लागू करें। प्राय: देखा गया है कि यहां के स्थानीय निवासी जमीन खरीद नहीं पा रहे हैं जबकि दूसरे विपरीत बाहरी लोग यहां आकर जमीन खरीद कर माल, कांपलेक्स, बिल्डिंग, बनाकर बेच रहे हैं जिसके कारण उत्तराखंड के एक मध्यम और गरीब परिवार का जमीन खरीदना वह मकान बनाना एक सपना हो गया है क्यूकि ऐसा होने से जमीनों के रेट आसमान को छू रहे हैं जो कि एक सोचनीयऔर विचारणीय विषय है। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने उम्मीद जताई है कि प्रदेश सरकार जागरूक होकर प्रदेश की जनता की जन भावनाओं को देखते हुए सशक्त भू कानून लागू करेगी जिससे जनता को राहत मिल सके।

# स्वस्थ रहने के लिए डेली रुटीन में अपनाएं ये नियम

स्वस्थ रहने के लिए इंसान तरह-तरह की बातों पर ध्यान जरूर देता है लेकिन कुछ ऐसी छोटी बातें भी होती हैं जिनको नजरअंदाज करना सेहत के लिए भारी नुकसानदायक साबित हो सकता है। ऐसे ही कुछ खास और बेहतरीन नियमों के बारे में आज यहां आपको बताया जाएगा, जो कि सेहतमंद बने रहने के लिए डॉक्टरों के द्वारा भी सुझाए जाते हैं। यह ना केवल आपकी दिनचर्या में सुधार लाएंगे बल्कि कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से भी आपको बचाए रख सकते हैं। इन नियमों के बारे में आपको नीचे बिंदुवत रूप में बताया जा रहा है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए भरपूर प्रयास करिए।

1.रोज सुबह उठने के बाद आपको सबसे पहले एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीना चाहिए। यह शरीर से टॉक्सिक पदार्थ को निकालने और पेट को साफ करने के लिए बहुत जरूरी होता है।

2.सुबह नाश्ते में कुछ खाने के बाद ही आपको चाय पीनी चाहिए, नहीं तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।

3.कब्ज से पीड़ित लोगों को शाम के समय पपीते का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके अलावा फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करके भी कब्ज से राहत पाई जा सकती है।

4.दांतों की अच्छी देखभाल के लिए रात को सोने से पहले दांत साफ करें और उसके बाद एक गिलास पानी पीकर ही सोएं।

5.खाना खाने के दौरान कभी भी पानी ना पिएं। इससे पाचन क्रिया पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है और आप भरपेट खाना भी नहीं खा सकते हैं। खाना खाने के हमेशा आधे घंटे बाद ही पानी पिएं।

6.रात में सोते समय अपने आसपास मोबाइल फोन ना रखें। इसमें कनेक्ट होने वाली रेडियो एक्टिव किरणें आपके दिमाग को सोते समय नुकसान पहुंचा सकती हैं।

7.प्रतिदिन एक्सरसाइज या फिर योग का अभ्यास जरूर करें। यह आपको कई गंभीर बीमारियों के खतरे से बचाए रखेगा।

# आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने वृक्षों पर धागे बांधकर रक्षा का संकल्प लिया

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर स्थित शहीद स्थल पर लगे पेडों पर धागे बांधकर उनकी सुरक्षा का संकप्ल लिया।



आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन शहीद स्मारक कचहरी परिसर में किया। गोष्टी में पर्वतीय क्षेत्र का पावन पर्व हरेला त्यौहार मनाया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वैसे तो हरेला का पर्व कुमाऊं में होता है लेकिन अब यह पर्व पूरे उत्तराखंड राज्य के में मनाया जाता है। गोष्ठी में वक्ताओं ने शहीद स्मारक में लगे वृक्षों पर धागे बांधकर वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया इस पर विचार गोष्ठी में नवनीत गुसाई वाह आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार, विपुल नौटियाल, प्रभात डंडरियाल, वालेश बवानिया, धर्मानंद भट्ट, जगमोहन रावत व सुशील विरमानी सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# जमीन पर कब्जा करने व 70 लाख की रंगदारी मांगने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। जमीन पर कब्जा करने व 70 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलबीर रोड निवासी पुनीत सिंह धनोला पुत्र सत्ये सिंह धनोला ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसंकी मजाड़ा सहस्रधारा में जमीन है। जिस पर वहं चारदिवारी का निर्माण कर रहा है। प्रेम सिंह पयाल निवासी सिलकोटी, सुरेश नेगी निवासी सरोना व राजेन्द्र नेगी आदि द्वारा उसको निर्माण न करने की धमकी दी जा रहीं है। पूछे जाने पर ये लोग उसपर जमीन को औने-पौने दामों में इनको बेचने का दबाव बना रहें है। उसके द्वारा इन्कार करने पर ये उससे जमीन पर कब्जा और रंगदारी की डिमांड कर रहे है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। जबकि इनकी कोई भी जमीन उसकी जमीन के आसपास नहीं है। इससे पूर्व 2021 में प्रेम सिंह पयाल और राजेन्द्र नेगी आदि ने उसकी इसी जमीन के रास्ते पर कब्जा करके उससे पैसों की मांग की थी। तब इन्होंने उसको अपने सहस्रधारा रोड़ स्थित कार्यालय में बुलाकर रिवाल्वर की नोक पर उसको डराकर सत्तर लाख रुपये की डिमांड की न देने पर जान से मारने की धमकी दी, मजबूर और डरवंश उसको इन्हें कुछ ही समय में 70 लाख रुपये देने पड़े। प्रेम सिंह पयाल और राजेन्द्र नेगी पर देहरादून पुलिस प्रशासन द्वारा गैंगस्टर की कार्यवाही भी अमल में लाई गई थी। ये लोग एक बार फिर से उसको उसकी इसी जमीन पर कब्जा और रंगदारी की मांग कर रहे है। भविष्य में उसको और उसके परिवार के साथ किसी भी तरह की घटना के लिए ये लोग ही जिम्मेदार होंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# हरेला पर्व पर नये जिला न्यायालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

संवाददाता

देहरादून। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 21 जून से एक माह का मानव जाति के अस्तित्व के लिए पेडों का महत्व व पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता अभियान के दौरान हरेला पर्व पर नये जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

आज यहां उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा 21 जून 2023 से 21 जुलाई 2023 तक मानव जाति के अस्तित्व के लिए पेडों का महत्व एवं वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर एक माह का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जनपद देहरादून के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों / समस्त ग्राम पंचायतों / उपखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों (विशेषत: न्यायालय परिसरों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी सस्थाओं आदि) में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना है, औषधीय / फलदार वृक्ष लगाये जाने है। उक्त अभियान के तहत विद्यालय/ महाविद्यालयों के छात्रों के वृक्षारोपण के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूकता रैली एवं शिविर भी आयोजित किये जाने है। उक्त अभियान के अन्तर्गत आज हरेला पर्व के अवसर पर नवीन जिला न्यायालय परिसर, देहरादून में जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून प्रदीप पंत द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा पर्यावरण के संरक्षण में वनों के महत्व के सम्बंध में जानकारी दी गयी। तत्पश्चात प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, देहरादून नितिन शर्मा, अपर जिला जज, देहरादून पंकज तोमर, अपर जिला जज मनोज गव्याल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून लक्ष्मण सिंह, अपर परिवार न्यायाधीश, देहरादून धीरेन्द्र भट्ट वरिष्ठ सिविल जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून हर्ष यादव, बार एसोसिएशन, देहरादून के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, उप आयुक्त, नगर निगम देहरादून रोहिताश शर्मा, उपआयुक्त, नगर निगम देहरादून शान्तनु जोशी, वन विभाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी अनिल सिंह रावत, वेस्ट वारियर संस्था के नवीन कुमार सडाना द्वारा भी औषधीय / फलदार पौधे लगाये गये।

# ऑनलाईन इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के नाम पर गंवाये 70 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। ऑनलाईन इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के नाम पर 70 हजार रूपये गंवाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बडोवाला निवासी नेत्र सिंह कुंवर ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 7 जुलाई 2023 को उसके द्वारा गूगल पर इलैक्ट्रिक स्कूटरकी जानकारी हेतु सर्च किया गया तो कुछ समय बाद उसके पास मोबाइल से कॉल आयी कॉल आई उसके द्वारा ओलाइलेक्ट्रिक का मैनेजर बताया और कहा गया और उसने पूछा कि आपके द्वारा इलैक्ट्रिक स्कूटर सर्च किया जा रहा है जो कि उनके द्वारा मार्केटिंग दर से 30 प्रतिशत सब्सीटी मे ऑनलाइन ओलाइलैक्ट्रिक द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही गई, कुछ समय उपरान्त उक्त मोबाइल नम्बर द्वारा बुकिंग वेबसाइड का व्हटसएप पर भेजा गया, उसके द्वारा उक्त वेबसाइड को सर्च कर बुकिंग किया गया , इसी दिन उक्त मैनेजर द्वारा बुकिंग हेतु बैंक एचडीएफसी बीस हजार पाँच सौ रूपये भेजने को बोला गया। बुकिंग हेतु उसने उक्त धनराशि खाते मे डाल दिया। इसके बाद पुनः उक्त मैनेजर द्वारा रजिण्ट्रेशन व इन्शोरेन्श का खर्चा 26500 रुपया डालने को कहा गया। फिर उक्त मैनेजर का दूसरे दिन 8 जुलाई 2023 को कॉल आती है ओर बोला जाता है कि आपकी स्कुटर ट्रान्सपोर्ट के लिए तैयार है लेकिन ट्रान्सपोर्ट का किराया रुपया 22750 खाता कैनरा बैंक मे डालने को बोला जाता है उसके द्वारा यह धनराशी भी डाल दी जाती है इसके एक घंटे बाद फिर कॉल आती है ओर उक्त मैनेजर द्वारा 40250 रुपये की डिमांट की जाती है ओर ये सभी पैसा रिफन्ड किया जायेगा बोला जाता है। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ साईबर ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अपनी डाइट में शामिल करेंगे चार सुपर फूड

हमारा स्टैमिना जितना ज्यादा होगा उतने ही एनर्जेटिक हम होंगे और हम उतना ही ज्यादा काम कर पाएंगे। ऐसे में अपने स्टैमिना को बढ़ाने के लिए लोग तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन कई बार एक्सरसाइज करने के बाद भी उनके शरीर में थकावट बनी रहती है और वो बहुत कमजोर महसूस करने लगते हैं। ऐसे में फिजिकल एक्टिविटी के अलावा आपको अंदर से न्यूट्रिशन देने की भी बहुत ज्यादा जरूरत होती है। तो चलिए हम आपको बताते हैं चार ऐसे सुपरफूड्स, जो स्टैमिना को बढ़ाने का काम करते हैं।

केला

वर्कआउट से पहले या वर्कआउट के बाद केला खाने से शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं, जो आपको इंस्टेंट एनर्जी देता है और आपकी थकान को छूमंतर कर सकता है। इतना ही नहीं केला खाने से वजन कम भी होता है और अगर दूध के साथ इसका सेवन किया जाए तो यह वजन को बढ़ाने में भी फायदेमंद होता है।

किनोआ

किनोआ एक सुपरफूड है जिसका इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकते हैं। आप किनोआ की पुडिंग बना सकते हैं या किनोआ का सलाद बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं। यह होल ग्रेन फूड है, जो शरीर का स्टैमिना बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही क्रॉनिक डिजीज के खतरे को भी कम करता है। यह प्रोटीन से भरपूर होता है इसलिए आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक बनाए रखता है।

दालें

किसी भी प्रकार की दाल जैसे- मूंग दाल, राजमा, चना, अरहर की दाल प्रोटीन फाइबर और आयरन से भरपूर होती है। यह आपको हेल्दी और फिट रखती है। साथ ही शरीर को प्रोटीन भी देती है। ऐसे आप रोजाना किसी ना किसी दाल का सेवन कर सकते हैं।

नट्स और सीड्स

नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, चिया सीड्स, अलसी के बीज, सनफ्लावर सीड्स स्टैमिना को बढ़ाने में मदद करते हैं और इसमें हेल्दी फैट्स भी पाए जाते हैं, जो आपकी एनर्जी को बूस्ट करते हैं। आप नट्स और सीड्स को मिलाकर प्रोटीन बार बनाकर उसका सेवन कर सकते हैं।

# खाना खाने के कितनी देर बाद दवा खाना चाहिए ? हेल्थ एक्सपर्ट से जानिए इसका सही जवाब

एलोपैथी दवा से किसी भी बीमारी को कम वक्त में ठीक किया जा सकता है। डॉक्टर भी उसी हिसाब से दवा लिखते हैं जिसे खाने के बाद आप तुरंत ठीक हो जाए। ऐसे में दवा लेने का तरीका हमारे ठीक होने के पूरे प्रोसेस में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मरीज को दवा कब लेनी है और कितनी-कितनी देर बाद लेनी है यह भी जानना बेहद जरूरी है। खाना खाने के तुरंत बाद दवा खाना अच्छा नहीं माना जाता है क्योंकि खाना खाने के बाद शरीर गर्म हो जाता है।

ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है

खाना खाने के बाद तुरंत बाद कोई व्यक्ति दवा लेता है तो उसका ब्लड सर्कुलेशन कई गुना बढ़ जाता है। जो शरीर के लिए हानिकारक है। हालांकि कई बातें इस बात पर भी निर्भर करती है। दवाएं और खाना खाना साथ में खाना अच्छा नहीं माना जाता क्योंकि खाना खाने के बाद शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे में दवाई लेने सा शरीर का तापमान बढ़ जाता है और उल्टी भी हो सकती है। हालांकि, कई बातें इस बात पर भी निर्भर करती हैं कि किस तरह की दवा लेनी है और उसके साइड इफेक्ट्स क्या होंगे?

दुनियाभर में कई तरह की दवाइयां लोग खाते हैं। कुछ लोग बुखार और हल्के सिरदर्द की स्थिति में रोजाना दवाएं लेते हैं। वैसे तो मेडिकल स्टोर्स पर कई तरह की दवाइयां उपलब्ध होती हैं। दर्द निवारक से लेकर एंटीबायोटिक्स तक कई दवाएं हैं, और सभी दवाएं अलग-अलग उद्देश्यों को पूरा करती हैं। किसी भी दवा को लेने के लिए हमेशा डॉक्टर से सलाह बेहद जरूरी है। अगर डॉक्टर ने कहा है कि खाना खाने के तुरंत बाद दवा खाना है तो आप जरूर दवा खाएं। लेकिन उन्होंने तुरंत बाद खाने की ऐसी कोई सलाह नहीं दी है तो आपको खाना खाने के तुरंत बाद नहीं खाना चाहिए। गर्भनिरोधक गोलियों जैसी भारी दवाइयां खाते हैं तो खाना खाने के दो घंटे बाद ही दवाई खाना चाहिए। दवाइयों का सेवन सुरक्षा और सावधानी से किया जाना माना जाता है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# पेट दर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



गैस, सूजन और ब्लोटिंग जैसी कई समस्याएं है, जिनके आम लक्षणों में पेट दर्द शामिल है। इसके अतिरिक्त ज्यादा खाने या फिर अधिक तैलीय और मसालेदार चीजों के सेवन से भी आप पेट दर्द का अनुभव कर सकते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप दवाइयों का सेवन करने की जगह घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाने से पेट दर्द तुरंत दूर हो सकता है।

पुदीने का पानी पिएं

पेट दर्द से छुटकारा दिलाने में पुदीना एक हीलिंग जड़ी-बूटी की तरह काम करता है। लाभ के लिए पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाएं। आप चाहें तो पुदीने की 4-5 पत्तियों को एक कप पानी में उबाल लें और फिर पानी को गुनगुना करने के बाद इसका सेवन करें। इससे पाचन क्रिया और गैस का दर्द ठीक होगा। इसके अतिरिक्त पुदीने और अदरक को पीसकर इसे गर्म पानी के साथ लेने से भी पेट दर्द में आराम मिलता है।

अदरक का उपयोग करें

विभिन्न अध्ययनों ने पेट दर्द के इलाज में अदरक की प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया है क्योंकि यह मजबूत एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों का एक प्राकृतिक स्रोत है। यही कारण है कि पेट दर्द ठीक करने वाली अधिकांश गोलियों में अदरक एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मौजूद होता है। लाभ के लिए आपको बस इतना करना है कि ताजा अदरक के रस को पानी में मिलाकर पिएं या ताजी अदरक को अच्छे से चबाकर निगल लें।

सेब का सिरका आएगा काम

अगर आपको पेट दर्द के साथ मतली, एसिडिटी, सूजन और अपच भी है तो सेब का सिरका इन सभी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। यह आपके पेट के ॡ्न स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। लाभ के लिए बस एक कप पानी में थोड़ा-सा सेब का सिरका और थोड़ा शहद मिलाकर इसे धीरे-धीरे पिएं।



जीरा पानी का सेवन करें

जीरा कुछ ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आसानी से खाना पचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह पेट दर्द की समस्या से राहत दिलाने में भी मदद करता है। इसे बनाने के लिए एक चम्मच जीरा लें और उसे लगभग 2 कप पानी में 15 से 20 मिनट उबालें। जब पानी अच्छे से उबल जाए तो इस मिश्रण को छानकर ठंडा होने दें और फिर खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

एलोवेरा जूस भी है प्रभावी

एलोवेरा जूस एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो पेट दर्द, एसिडिटी, एसिड रिफ्लक्स, गैस्ट्राइटिस और सूजन को ठीक कर सकता है। इसके साथ ही यह आपको कब्ज, कोलाइटिस और ॾ्रक्र्र जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से पेट का अल्सर भी ठीक हो सकता है और पाचन में सुधार होता है। लाभ के लिए एक ब्लेंडर में ताजा एलोवेरा जेल और पानी डालकर अच्छे से ब्लेंड कर उसे पी लें।( आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -079


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# जवान के टीजर में शाहरुख खान का दिखा धांसू अवतार

जवान का ट्रेलर आखिरकार अब रिलीज हो गया है। एटली द्वारा निर्देशित और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म में शाहरुख खान और नयनतारा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहली बार नयनतारा के साथ शाहरुख खान के मिलन का प्रतीक है। और यह अंतत: यहाँ है! काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार निर्माताओं ने 1० जुलाई को शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान का ट्रेलर जारी कर दिया। वे इसे प्रीव्यू कह रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है, यह काफी दिलचस्प लग रहा है।

पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद यह सुपरस्टार की दूसरी फिल्म है। एटली द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 2 जून को रिलीज होने वाली थी, हालांकि, इसे सितंबर में रिलीज करने के लिए आगे बढ़ा दिया गया। इससे पहले एक ट्वीट में शाहरुख ने खबर साझा की थी कि जवान का प्रीव्यू 1० जुलाई 2०23 को सुबह 1०:3० बजे लॉन्च किया जाएगा। वादे के अनुरूप, यह अंतत: यहाँ है! ट्रेलर में शाहरुख कहते हैं मैं कौन हूं? कौन नहीं। पता नहीं। मां को किया वादा हूं या अधूरा एक इरादा हूं। मैं अच्छा हूं, बुरा हूं, पुण्य हूं या पाप हूं - ये खुद से पूछना क्योंकि मैं भी आप हूँ। ट्रेलर में हम शाहरुख को जबरदस्त एक्शन सीन करते हुए देख रहे हैं। उनका लुक भी कुछ दिलचस्प है। लघु वीडियो में नयनतारा की एक झलक भी मिलती है। हम दीपिका पादुकोण को बारिश के नीचे लाल साड़ी में एक एक्शन सीन करते हुए भी देखते हैं। अंत में शाहरुख खान भी गंजे लुक में नजर आते हैं।

पूरा वीडियो एक्शन सीक्वेंस से भरा हुआ है। जवान एटली द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है। इसमें शाहरुख खान के साथ विजय सेतुपति, नयनतारा, सान्या मल्होत्रा और प्रियामणि हैं। यह फिल्म एक व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म मानी जा रही है और इसमें अभिनेता को दोहरी भूमिका में दिखाया गया है - एक खुफिया अधिकारी और एक चोर। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित है। यह नयनतारा का भी हिंदी डेब्यू है। दीपिका पादुकोण अगस्त 2०22 में चेन्नई में अपने कैमियो की शूटिंग के लिए कलाकारों में शामिल हुईं। फिल्म की शूटिंग पुणे, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, राजस्थान और औरंगाबाद में की गई थी। फिल्म के लिए संगीत रचना के लिए अनिरुद्ध रविचंदर को चुना गया, जो इस प्रकार बॉलीवुड में एकल संगीतकार के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। संगीत अधिकार टी-सीरीज़ को मिले।

# गोवा में वेकेशन का लुत्फ उठाती दिखीं मोनालिसा, मिनटों में वायरल हुई तस्वीरें

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हालांकि वो अपने फैंस को भी इंप्रेस करने का कोई ऐसा मौका नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट गोवा वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मोनालिसा इन दिनों गोवा में अपनी छुट्टियों का लुत्फ बखूबी उठा रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने इंस्टा पर कई फोटोज शेयर की हैं। हालांकि उनका ये लेटेस्ट मदमस्त अंदाज में फोटोशूट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही बोल्ड और ग्लैमरस हैं। अपने इसी अंदाज के कारण वो लोगों की चहेती बन गई हैं। मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती हुई एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं अभिनेत्री अपना फुल वेकेशन मोड एन्जॉय कर रही हैं। फैंस भी उनकी इन तस्वीरों को देखकर उन पर खूब सारा प्यार लूटा रहे हैं। ये ही नहीं लोगों को उनका स्टाइल काफी पसंद भी आता है। मोनालिसा के साथ उनके पति विक्रांत सिंह भी गोवा में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। इन तस्वीरों में उनका मस्ती भरा अंदाज देखने को मिल रहा है।

# राम पोथिनेनी और पुरी जगन्नाध फिर आए साथ, आईस्मार्ट शंकर के सीक्वल का किया ऐलान

साल 2०19 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई दक्षिण भारतीय सिनेमा का हिट फिल्म आईस्मार्ट शंकर ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इसमें राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे, जबकि इसके निर्देशन की कमान पुरी जगन्नाध ने संभाली था। अब करीब 3 साल बाद निर्माताओं ने आईस्मार्ट शंकर के सीक्वल का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम डबल आईस्मार्ट रखा गया है। आईस्मार्ट शंकर के सीक्वल के लिए फिर से पोथिनेनी और जगन्नाध एक साथ आए हैं।

पोथिनेनी ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दोगुना मनोरंजन। दोगुना एक्शन। दोगुना पागलपन। हम वापस आ गये। डबल आईस्मार्ट मोड चालू। इसके साथ निर्माताओं ने डबल आईस्मार्ट की रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। यह फिल्म महाशिवरात्रि के खास मौके पर 8 मार्च, 2०24 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। डबल आईस्मार्ट को हिंदी सहित तमिल तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में जारी किया जाएगा।

इस बीच काम के मोर्चे पर, अभिनेता राम पोथिनेनी स्कंद के लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु के साथ काम कर रहे हैं, जिसमें भगवान कार्तिकेय या सुब्रमण्यम स्वामी का नाम लिया गया है।

# जी ले जरा फिल्म से बाहर हुईं देसी गर्ल



फरहान अख्तर ने जबसे अपनी फिल्म जी ले जरा की घोषणा की है। यह फिल्म किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती है। फिल्म को लेकर दर्शक भी उत्साहित थे, क्योंकि उन्हें जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का फीमेल वर्जन मिलने वाला था। हालांकि, लंबे समय से फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हो पाई है। अब खबर आ रही है कि फिल्म से प्रियंका चोपड़ा बाहर हो गई हैं और इसकी कास्टिंग दोबारा की जाएगी।

फिल्म की घोषणा आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और प्रियंका के साथ हुई थी। तीनों अभिनेत्रियां इस फिल्म के लिए एक साथ समय नहीं निकाल पा रही थीं, इसलिए इसकी शूटिंग लंबे समय से रुकी हुई थी। अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण प्रियंका इसके लिए समय नहीं निकाल पा रही थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। इसको शुरू करने के लिए अब नए सिरे से कास्टिंग की जाएगी।

अब दर्शक कयास लगा रहे हैं कि फिल्म में प्रियंका को कौन रिप्लेस कर सकता है। इस खबर पर दर्शक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों ने मांग की कि फिल्म में अब प्रियंका की जगह दीपिका पादुकोण को लेना चाहिए। दीपिका-आलिया-कैटरीना की तिकड़ी खूब जमेगी। कुछ लोगों ने कहा कि वे फिल्म में अनुष्का शर्मा को देखना चाहते हैं। वहीं कुछ लोगों ने इस फिल्म के कभी न बन पाने की भी शंका जताई।

जब तक जी ले जरा पर बात नहीं बनती है, निर्देशक फरहान अख्तर ने अभिनय पर ध्यान देने का मन बनाया है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि उन्होंने आमिर खान की चैंपियन्स साइन कर ली है। फरहान चैंपियंस की शूटिंग पूरी करने के बाद अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी डॉन के तीसरे भाग डॉन 3 के निर्देशन में जुटेंगे। ऐसे में जी ले जरा ठंडे बस्ते में गई मानी जा रही है।

इस फिल्म का आइडिया प्रियंका का ही था। वह एक ऐसी फिल्म बनाना चाहती थीं, जिसमें महिलाओं की दोस्ती और उनकी स्वतंत्रता दिखे और वह बॉक्स ऑफिस पर सफल होने की ताकत भी रखती हो। फिल्म दिल चाहता है और जिंदगी न मिलेगी दोबारा के तर्ज पर तीन महिलाओं की दोस्ती की कहानी पेश करेगी। यह भी एक रोड ट्रिप पर आधारित फिल्म होगी। हालांकि, अब दर्शकों को इसके लिए लंबा इंतजार करना होगा। (आरएनएस)

# नरगिस फाखरी की वेब सीरीज तत्लुबाज का ऐलान

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी को पिछली बार अनुपम खेर और नीना गुप्ता की शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब इस बीच नरगिस के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। दरअसल, वह जल्द वेब सीरीज तत्लुबाज में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसमें उनकी जोड़ी धीरज धूपर के साथ बनी है। खास बात यह है कि इस सीरीज के जरिए धीरज अपना ह्रझ्र डेब्यू करने जा रहे हैं।

तत्लुबाज में अभिनेत्री और बिग बॉस ह्रझ्र की विजेता रहीं दिव्या अग्रवाल का अहम किरदार होने वाला है। सीरीज के निर्देशन की कमान विभु कश्यप ने संभाली है, जबकि तत्लुबाज का निर्माण ९क्क्र फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। तत्लुबाज में गैंग्स ऑफ वासेपुर 2 और ब्लडी डैडी फेम जीशान कादरी भी अभिनय करते दिखाई देंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने तत्लुबाज की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। (आरएनएस)

# सूरज बड़जात्या की फिल्म में फिर प्रेम बनेंगे सलमान खान



फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या और सलमान खान बॉलीवुड की हिट जोड़ियों में से एक हैं। पिछले साल जब बड़जात्या की मल्टीस्टारर फिल्म ऊंचाई आई थी तो इसमें सलमान के न होने की खूब चर्चा हुई थी। दर्शक काफी समय से बड़जात्या की फिल्म में सलमान को देखना चाहते हैं। ऐसे में इस जोड़ी के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। दोनों जल्द ही अगली फिल्म प्रेम की शादी की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने अपनी अगली फिल्म के लिए मन बना लिया है। वह एक बार फिर से बड़जात्या के साथ साझेदारी करने जा रहे हैं। सलमान अपनी भाईजान की छवि छोड़कर एक बार फिर से प्रेम बनेंगे। इस फिल्म का नाम होगा प्रेम की शादी। अगले महीने इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। अब प्रशंसकों को इस फैमिली ड्रामा फिल्म की स्टारकास्ट की जानकारी का इंतजार है।

प्रेम की शादी एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। जहां बड़जात्या अब तक बड़े संयुक्त परिवारों को पर्दे पर दिखाते आए हैं, इस बार उनकी फिल्म एकल परिवार पर आधारित है। यह कहानी एक कपल की शादी से शुरू होगी और उनकी जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाएगी। फिल्म उनकी शादी, फिर बच्चों की परवरिश और बुढ़ापे में एक-दूसरे के साथ के सफर को दिखाएगी। फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश जारी है। यह अगले साल दिवाली पर आ सकती है।

सलमान को फिल्म की कहानी 2०2० में सुनाई गई थी। उन्हें यह कॉन्सेप्ट पसंद आया था। इसकी स्क्रिप्ट भी लॉकडाउन के दौरान ही तैयार की गई थी। इसकी प्रक्रिया पिछले कुछ महीनों में तेज कर दी गई थी। जानकारों का मानना है कि फैमिली ड्रामा पर आधारित फिल्मों को लोग सिनेमाघरों में देखना पसंद कर रहे हैं। जरा हटके जरा बचके, सत्यप्रेम की कथा जैसी फिल्में इसका हालिया उदाहरण हैं।

यह बड़जात्या और सलमान की पांचवी फिल्म होगी। दोनों ने इस सफर की शुरुआत 1989 की मैंने प्यार किया से की थी। इसी फिल्म ने सलमान को पहचान दिलाई थी। बड़जात्या की भी यह पहली फिल्म थी। इसके बाद बॉलीवुड में दोनों ने हम साथ साथ हैं, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो में साथ काम किया। ऐसे में इनकी नई साझेदारी पर प्रशंसकों के साथ ही इंडस्ट्री के जानकारों की भी नजर है। (आरएनएस)

# तो ट्विटर को थ्रेड्स खा जाएगा ?

श्रुति व्यास

थ्रेड्स - ये नाम है हमारी सोच को दुनिया से साझा करने के सबसे नए ज़रिये का। यह नया एप स्टाइलिश है, और अपने जैसे अन्य एप्स से ज़रा हटकर है। यह एप फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्ग का है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह एलन मस्क के ट्विटर को खत्म कर देगा। साथ ही यह हमारे दिमाग को खत्म करने वाला एप भी है। लेकिन इसकी चर्चा बाद में।

जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने दस साल से भी अधिक समय पहले लोकप्रिय फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम पेश किया था। थ्रेड्स इसी की अगली कड़ी है। इन दिनों फेसबुक के मुकाबले इंस्टाग्राम ज्यादा फैशन में है। जैसा कि आज के नौजवान कहते हैं, ''फेसबुक हमारे पिताओं और दादाओं के लिए है और इंस्टाग्राम हमारे लिए।बात एकदम सही है।

अपने पहले दिन में ही थ्रेडस के यूजर्स की संख्या करोड़ों में जा पहुंची। इसे अपनाने वाले लोगों और कंपनियों में नेटफ्लिक्स, गोर्डन रेमसे, शकीरा और एचबीओ शामिल हैं। अभी-अभी खबर मिली है कि ओपरा विनफ्रे और दलाई लामा से भी इससे जुड़ने का आग्रह किया गया है। हैरानी इस बात की है कि ये पंक्तियां लिखे जाने तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे नहीं जुड़े हैं। आश्चर्यजनक है कि ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह इससे जुड़ चुके हैं। जहां तक मेरा सवाल है, इसमें शामिल होने वालों में मेरा नंबर 58,5०,255वां है। मैं इस सोशल मीडिया एप से जुड़ने को मजबूर इसलिए हुई क्योंकि उसे लेकर हो रहे शोर-शराबे को नजरअंदाज करना असंभव था। साथ ही, उसके बारे में लिखने के लिए उसे अनुभव करना जरूरी था। और फिर ऐसी कोई भी चीज जो एलन मस्क के ट्विटर के खात्मे का दावा करे का अनुभव किया ही जाना चाहिए!

मार्क जुकरबर्ग का थ्रेडस अपने सुनहरे दौर के पुराने ट्विटर जैसा है। यह साफ़-सुथरा और संयत है और (अभी तक) केवल चर्चा और पोस्टों तक सीमित है। जो कूल है उसे अपनाना तो ज़रूरी है ही क्योंकि उसे ही जनता पसंद करती है। नीले रंग की जगह काले ने ले ली है और चिड़िया जी जगह 'एट' के निशान ने। बाकी सब ट्विटर जैसा ही है। थ्रेडस में भी शब्दों में लिखे संदेश एक फीड में पोस्ट किए जाते हैं, जिसे स्क्राल किया जा सकता है और इस फीड में यूजर जिन्हें फालो करता है और जो यूजर को फालो करते हैं, पोस्टों का जवाब दे सकते हैं। एप पर वीडियो और फोटो भी पोस्ट किए जा सकते हैं। आप जिन्हें फालो कर रहे हैं उनकी लिस्ट अभी थ्रेड्स में नहीं दिखती और ना ही इसके ज़रिये वे आपको डीएम (डायरेक्ट मैसेज) भेज सकते हैं। लेकिन थ्रेडस पर पोस्ट 5०० अक्षरों तक के हो सकते हैं। यह संख्या ट्विटर के यूजर्स के लिए 28० तक सीमित है। पांच मिनट तक के वीडियो भी पोस्ट किए जा सकते हैं और किसी भी पोस्ट को लिंक के ज़रिये से अन्य प्लेटफार्मों पर शेयर किया जा सकता है।



चूंकि मेटा पहले से ही आनलाइन दुनिया पर छाया हुआ है, इसलिए थ्रेडस पर साइनअप करना बहुत आसान है। इसके लिए केवल आपका इंस्टाग्राम एकाउंट होना चाहिए और आप उसके जरिए ही थ्रेड पर लाग इन कर सकते हैं। आपका इंस्टाग्राम यूजर नेम ही चल जाएगा, आप जिनको फालो करते हैं उनकी सूची, आपका जीवन परिचय और आपकी फोटो भी आ जाएगी। इसलिए आपको सब कुछ जीरो से शुरू नहीं करना होगा बल्कि आप सीधे थ्रेड का उपयोग कर सकेंगे। जुकरबर्ग ने फेसबुक वाले अंकलों और आंटियों को यह सहूलियत नहीं दी है इसलिए आपको थ्रेड तक पहुंचने के लिए पहले इंस्टाग्राम से जुड़ना होगा।

कई टेक्नोलॉजी कंपनियों ने हाल के महीनों में ट्विटर में उथल-पुथल का फायदा उठाने की कोशिश की है। और मेटा भी कई अन्य कंपनियों - ब्लूस्काई, मेस्टडोन, स्पिल, सबस्टेक नोट्स और कई और - की तरह किसी दौर के सबके चहेते लेकिन आज गोते खा रहे ट्विटर से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि एलन मस्क के कब्जे में जाने के बाद से ट्विटर बर्बाद हो गया है। मस्क ने इसके अल्गोरिथम और अन्य फीचर्स के साथ छेड़छाड़ करके इसके यूजर्स को मिलने वाले अनुभव में बहुत बदलाव ला दिया हो। यह गैर-बराबरी को बढ़ावा देना वाला प्लेटफार्म बन गया है। और हाल में यूजर्स द्वारा पढ़े जा सकने वाले ट्वीटस की संख्या को अस्थायी रूप से सीमित कर दिया था, जिस पर बहुत गुस्सा है।

ट्विटर वाकई तबाह हो गया है!

थ्रेडस को मेटा के अकूत आर्थिक संसाधनों और इंस्टाग्राम यूजर्स की विशाल संख्या - जो दुनिया भर में 2०० करोड़ से ज्यादा हैं - का फायदा मिलेगा। और प्रतिस्पर्धी के रूप में जुकरबर्ग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। किस्मत भी उनके साथ है और यही कारण है कि वे केवल दूसरों की नक़ल कर अपना एक बड़ा व्यापारिक साम्राज्य खड़ा कर पाए हैं। थ्रेड्स एकदम ट्विटर जैसा है। इसमें कोई नयापन या नया फीचर नहीं है। जैसे रील्स, टिक-टाक से मिलता-जुलता था और फेसबुक मैसेंजर, स्नेपचैट जैसा था। लेकिन थ्रेडस इसलिए सफल हो सकता है क्योंकि लोग एलेन मस्क और उनके दक्षिणपंथ और दक्षिणपंथी नेताओं की तरफ झुकाव और गंवार जोकर जैसे रंग-ढंग से तंग आ चुके हैं।

जहां तक हमारा सवाल है, स्क्रीन को स्क्रॉल करते-करते हमारे दिमाग थक जाते हैं और हमारी उंगलियां सुन्न हो जाती हैं। या शायद हम रील्स और पोस्ट बनाते-बनाते तंग आ चुके हैं जो वास्तविक जीवन का एक मुखौटा भर हैं। या जब तक हमें यह एहसास नहीं हो जाता कि हम 21वी सदी के अनाड़ी लंगूर बन गए हैं। जब तक ऐसा नहीं होता, हम एक-दूसरे से थ्रेडस, इंटाग्राम, फेसबुक, ट्विटर और व्हाटसएप पर मिलेंगे, असहमत होंगे और ट्रोल करेंगे।

## सरकारी चावल के खरीदार नहीं

यह बहुत विडंबना वाली स्थिति है कि केंद्र सरकार ने अचानक राज्यों को चावल बेचने पर रोक लगा दी और अब उसके चावल के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम यानी एफसीआई को निर्देश दिया कि वह घरेलू बाजार के लिए लागू ओपन मार्केट स्कीम के तहत राज्यों को चावल बेचना बंद करे। इसके बदले सरकार ने ई-ऑक्शन के जरिए चावल बेचने का निर्देश दिया। सरकार ने जब यह आदेश जारी किया तो कहा गया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की मुफ्त चावल बांटने की योजना को फेल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि एफसीआई ने कर्नाटक सरकार को चावल देने पर सहमति जता दी थी लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने उसकी अन्न भाग्य योजना को विफल करने के लिए चावल बेचने से इनकार किया है। राज्य सरकार ने बाजार की कीमत पर चावल खरीदने की इच्छा जताई थी फिर भी उसे चावल नहीं मिला। अब खबर है कि एफसीआई ने चावल की नीलामी शुरू की तो उसे खरीदार नहीं मिला। सरकारों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति नहीं है। एफसीआई ने 3.86 लाख मीट्रिक टन चावल की नीलामी का टेंडर किया था लेकिन उसको सिर्फ 17० मीट्रिक टन की बोली मिली है। इसमें सबसेज्यादा 7० मीट्रिक टन का ऑर्डर महाराष्ट्र का है। उसके बाद गुजरात का 5० और कर्नाटक का 4० मीट्रिक टन का ऑर्डर है। पूर्वोत्तर के राज्यों से 1० मीट्रिक टन का ऑर्डर मिला है। एफसीआई ने पंजाब के लिए डेढ़ लाख मीट्रिक टन रखा था लेकिन किसी ने बोली नहीं लगाई। एफसीआई ने नीलामी की कीमत प्रति क्विंटल 3,173 रखी है और जिस 17० मीट्रिक टन की बोली लगी है उसकी औसत कीमत 3,175.35 रुपए रही।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.78 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## 'अपनी कार को मानसून के मौसम में करें सुरक्षित'

मानसून चिलचिलाती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन अपने साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है, खास तौर पर कार मालिकों के लिए। भारी बारिश, जलभराव और अप्रत्याशित मौसम की स्थिति आपके वाहन पर कहर बरपा सकती है, जिससे आपके कार की मरम्मत का खर्चा काफी महंगा हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप अच्छी तरह से तैयार हैं और वित्तीय रूप से सुरक्षित हैं, मानसून के मौसम के दौरान अपनी कार इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए विशिष्ट ऐड-ऑन पर विचार करना आवश्यक है।

नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार मानसून के मौसम के लिए अपनी कार को तैयार करने में सिर्फ नियमित रखरखाव के अलावा और भी बहुत कुछ शामिल होता है। इंजन सुरक्षा कवर, जीरो डेप्रिसिएशन कवर, रिटर्न टू इनवॉइस जैसे आवश्यक ऐड-ऑन पर विचार करके, आप अपनी कार का इंश्योरेंस कवरेज बढ़ा सकते हैं और मानसून से संबंधित नुकसान के वित्तीय प्रभावों से भी खुद को बचा सकते हैं।

मानसून के दौरान आपके कार के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बहुत ज्यादा होती है। सड़कों पर बहुत अधिक जलभराव के कारण इंजन का खराब होना कई कार मालिकों के सामने आने वाली एक आम समस्या है। जिसके मरम्मत की लागत काफी ज्यादा हो सकती है। कोई भी व्यक्ति ऐसी अचानक आने वाली वित्तीय परेशानियों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए इंजन सुरक्षा ऐड-ऑन का विकल्प चुन सकता है। यह ऐड-ऑन इंजन में होने वाले नुकसान के मामले में मरम्मत और रिपलेस्मेंट लागत को कवर करेगा, साथ ही उन्हें मानसिक शांति भी प्रदान करेगा।

भारी बारिश के दौरान सड़क पर फंसे रहना बहुत ही मुश्किल से भरी स्थिती होती है। ऐसी स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, आप 24x7 सड़क किनारे सहायता ऐड-ऑन का विकल्प चुन सकते हैं। यह ऐड-ऑन इमरजेंसी के दौरान अमूल्य सहायता प्रदान करेगा, जैसे टोइंग, ऑन-द-स्पॉट मरम्मत, ईंधन की आवश्यकताएं और वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था करना। जब आपको इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है तो ये एड-ऑन यह सुनिश्चित करता है कि आपको समय पर सहायता प्राप्त हो, इस प्रकार आपको मानसून के मौसम के दौरान मानसिक शांति और सुविधा मिलती है।

ऐसे मामलों में जहां आपकी कार को काफी नुकसान हुआ है या आपकी कार मरम्मत योग्य नहीं है, मरम्मत की लागत अक्सर वाहन के बीमाकृत घोषित मूल्य (आईडीवी) से अधिक हो सकती है। यहीं पर रिटर्न टू इनवॉइस ऐड-ऑन काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

तीन साल तक पुरानी नई कारों के लिए, रिटर्न टू इनवॉइस ऐड-ऑन सुनिश्चित करता है कि आपको कुल नुकसान की स्थिति में क्लेम राशि के रूप में पूरा चालान मूल्य प्राप्त होगा। यह ऐड-ऑन आपके निवेश को सुरक्षित रखने में भी मदद करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि किसी महत्वपूर्ण नुकसान की स्थिति में आप अपनी कार को नई कार से बदल सकें।

मानसून के दौरान, आपकी कार को मरम्मत की आवश्यकता हो सकती है जिससे यह कुछ दिनों के लिए बेकार हो सकती है। इस अवधि के दौरान वैकल्पिक वाहन किराए पर लेने की लागत को कवर करने के लिए, आप दैनिक भत्ता ऐड-ऑन पर विचार कर सकते हैं। यह ऐड-ऑन आपको एक निश्चित दैनिक सीमा तक वैकल्पिक वाहन किराए पर लेने की लागत की भरपाई करता है।

इनके अलावा, आप उपभोग्य वस्तुओं के ऐड-ऑन पर भी विचार कर सकते हैं, जो इंजन ऑयल, नट और बोल्ट, मड फ्लैप और ब्रेक जैसी आवश्यक वस्तुओं के खर्चों को कवर करता है।

# कैण्ट विधायक ने क्षेत्र का भ्रमण कर अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता

देहरादून। कैण्ट विधायक श्रीमती सविता कपूर ने देर रात हुई भारी बारिश के चलते बस्तियों व कालोनियों में पानी भरने की शिकायत पर क्षेत्र का भ्रमण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। आज यहां कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर ने देर रात्रि बरसात से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। श्रीमती कपूर ने कांवली, शास्त्री नगर, लक्ष्मण चौक, अनुराग चौक प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण किया और नगर निगम , लोक निर्माण विभाग , राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को कार्यालय में बुलाकर समाधान हेतु निर्देशित किया। श्रीमती कपूर ने कहा कि कांवली में एशियन स्कूल की सुरक्षा दीवार गिरने ने आवाजाही अवरुद्ध हुई है। अनुराग चौक पर नगर निगम के भूखंड पर सुरक्षा दीवार लगाने के निर्देश दिए है सुरक्षा दीवार न होने से हिल व्यू कॉलोनी एवम शास्त्री नगर में बाढ़ जैसी स्तिथि उत्पन्न हो गयी है। एम डी डी ए कॉलोनी लक्ष्मण चौक में नाली चौक होने सभी घरों में जल भराव हुआ है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे, अधिशासी अभियंता नगर निगम, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर धस्माना, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग अनिल बिष्ट, बबलू बंसल आदि लोग मौजूद रहे।



# ट्रस्ट ने 2000 ड्राई फूड के पैकेट्स व 1000 तिरपाल बाढ़ प्रभावितों के लिए दिए

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल को मेला नियंत्रण भवन(सी0सी0आर0) में श्रीमद राजचन्द्रा मिशन लव एन केयर ट्रस्ट ने 2000 ड्राई फूड पैकेट्स तथा 1000 तिरपाल जल भराव वाले क्षेत्रों के प्रभावित परिवारों के सहायतार्थ उपलब्ध कराये।

जिलाधिकारी ने श्रीमद राजचन्द्रा मिशन लव एन केयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का, बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिये उपलब्ध कराई गयी सामग्री के लिये उत्तराखण्ड सरकार तथा जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने इसी तरह अन्य धार्मिक, सीएसआर मद, स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा इधर समय-समय पर जल भराव वाले क्षेत्रों के लोगों के सहायतार्थ उपलब्ध कराई जा रही सामग्री के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम पूरण सिंह राणा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



# जमीन के नाम पर साढे चार करोड की ठगी, मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। जमीन के नाम पर साढे चार करोड की धोखाधडी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएमएस रोड निवासी संजीव जेठी ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका सौदा एक व्यक्ति परमवीर सिंह पुत्र जसविन्दर सिंह निवासी शास्त्री नगर मण्डी गोविन्दगढ पंजाब जिसके द्वारा बताया गया कि उसकी भूमि 36 बीघा है। उक्त भूमि बेचने का मौखिक सौदा हुआ था जिसके बाबत परमवीर सिंह द्वारा एक विक्रयपत्र 11 फरवरी 2022 को पंजीकृत कराया गया जिसमें उसके द्वारा भूमि मौजा नकरौन्दा एवं एक अन्य विक्रयपत्र 26 मार्च 2021 को निष्पादित कराया गया था। जिसमें भूमि उसके एवं उसके मनोत व्यक्तियों के नाम विक्रय किया गया। यह कि विक्रय पत्र सम्पादन के दौरान विक्रयपत्र की धनराशि को छोड़कर प्रार्थी द्वारा चैक के माध्यम से चार करोड 50 लाख रूपये दे दिये। जब उसके द्वारा शेष बची गयी 18 बीघा भूमि का बैनामा करने के लिए परमवीर सिंह से अनुरोध किया गया तो परमवीर सिंह द्वारा कुछ न कुछ बहाना बनाकर टालता रहा तथा धीरे धीरे टाल मटोल करता रहा। उसने जब जांच की तो पता चला कि परमवीर उक्त सम्पत्ति में हिस्सेदार है तथा सारी सम्पत्ति उसकी मां के नाम है। परमवीर ने उसके साथ धोखा किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पौड़ी। अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर, दो ट्राली व एक बाइक भी बरामद की गयी है।



जानकारी के अनुसार बीती 7 जुलाई को संजीव भाटिया निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार में तहरीर देकर बताया गया था कि कौड़िया कोटद्वार से मेरे महेन्द्रा टैक्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरो की तलाश में जुटी पुलिस टीमों द्वारा कोटद्वार से लेकर देवबन्द (सहारनपुर उ.प्र.) तक लगभग 400-450 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। इस बीच पुलिस द्वारा एक सूचना के बाद घटना में शामिल दो चोरों को दुक्वाडी पुल झबरेडा हरिद्वार से दबोच लिया गया। जिनके कब्जे से चुराया गया ट्रैक्टर, 2 ट्राली व एक मोटर साईकिल बरामद की गयी है। के साथ दुक्वाडी पुल झबरेड़ा जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होने अपनाप नाम मनव्वर हसन पुत्र मौसम अली, निवासी हासिमपुरा, देवबंद व सुऐब पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम माधोपुर हरिद्वार बताया। बताया कि हम दोनों 7 जुलाई को बाइक से कोटद्वार आये थे। कौडिया पुल के पास एक टैक्टर खड़ा था, जिसमें मनव्वर ने अपनी चाबी लगाकर स्टार्ट कर चुरा लिया। जिसे हम देवबंद ले गये और उसको भट्टे के पास छुपा दिया। कल हम इस ट्रैक्टर को बेचने जा रहे थे कि पुलिस ने हमें पकड़ लिया। इसके अलावा जो बाइक हमसे बरामद हुयी है, वह हम दोनों ने मिलकर फरवरी माह में देवबंद से चोरी की थी और एक माह पूर्व एक बडी ट्राली ग्राम खुडडा छपार मुजफ्फरनगर व एक छोटी ट्राली ग्राम-थीथ की देववन्द से एक माह पूर्व चोरी की थी, जो हमसे बरामद हुयी है। बताया कि करीब एक माह पूर्व हम दोनों ने अपने एक अन्य साथी जैकी पुत्र बाबूलाल, निवासी माधवपुर गंगनहर के साथ मिलकर छोटी महेश्वरी खुर्द सहारनपुर से एक खेत से एक ट्रैक्टर चोरी कर लिया था जिसे हमने घानाखण्डी में छुपा दिया था, जो अभी भी वहीं है। बताया कि हम दोनों पूर्व में थाना मगलौर, गंगनहर व लक्सर हरिद्वार से ट्रैक्टर चोरी व मर्डर के केस में जेल जा चुके हैं तथा हमारे द्वारा अन्य ट्रैक्टर गागालहेडी व एक कोतवाली देहात से चोरी किये हैं। जो कि हमने सहारनपुर में घानाखेडी में छुपाये हैं। जिसके सम्बन्ध में पौड़ी पुलिस द्वारा सहारनपुर पुलिस को सूचना दे दी गयी है। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# लाखों की नगदी चुराने वाला एक बाल अपचारी सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कांवड़ मेले के दौरान सुनार से हुई लाखों रूपये की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 2 लाख 26 हजार की नगदी व चोरी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।



जानकारी के अनुसार बीती 12 जुलाई को रवि लूथरा निवासी सिविल लाइन रुड़की द्वारा कोतवाली मंगलौर पर तहरीर देकर बताया गया था कि 11 जुलाई की रात जब वह अपनी सुनार की दुकान को बंद कर रहे थे इस दौरान उनके बगल में 3 लाख रूपये से भरा बैग रखा था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर साथ ही सीआईयू से समन्वय कर चोरो की तलाश शुरू कर दी गयी। इस बीच पुलिस को पता चला की आरोपी चोरी की घटना के बाद बाइक से फरार हुए थे। जिसकी खोजबीन शुरू कर दी गयी। इस दौरान पुलिस को बीती शाम सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल आरोपियों को नहर पटरी के समीप देखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर एक बाल अपचारी सहित दो लोगों को चोरी की गयी 2 लाख 26 हजार की नगदी व चोरी में प्रयुक्त बाइक सहित हिरासत में ले लिया। जिन्हे नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि हम उस दिन सुनार की रेकी कर रहे थे हमें पता था कि आजकल पुलिस कांवड़ मेला में लगी है जिसका फायदा उठाकर जैसे ही लाला ने अपना बैग दुकान बंद करने के लिए बगल में रखा तो हमने वहां बैग उठाकर ले गए कुछ पैसे इसमें से हमने खर्च कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक का नाम प्रकाश मिश्रा पुत्र नरेंद्र निवासी गायत्री एनक्लेव अब्दुल कलाम चौक के सामने कोतवाली मंगलौर बताया जा रहा है।

# 14 लाख की अफीम सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशा तस्करी में लिप्त तीन लोगों को पुलिस ने डेढ़ किलो से अधिक अफीम व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना खटीमा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को बिज्टी रोड़ मजगमी तिराहा चौकी मझौला क्षेत्र में एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने उसे रोकना चाहा तो कार सवार तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक किलो 758 ग्राम अफीम बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार अवस्थी पुत्र रामबहादुर निवासी सण्डाखास थाना निगोही शाहजहापुर उत्तर प्रदेश, पंकज शुक्ला पुत्र विनोद कुमार शुक्ला निवासी आंमा वुजुर्ग ढका घनश्याम थाना बण्डा शाहजहापुर व हरीश कुमार पुत्र नन्हे लाल निवासी ग्राम भिण्डारा थाना न्यूरिया पीलीभीत (उ. प्र.) बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद अफीम की कीमत 14 लाख रूपये आंकी गयी है।

## एक नजर

# यौन शोषण मामले में बृजभूषण को मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण के मामले में भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण सिंह को अंतरिम जमानत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत द्वारा समन जारी करने के बाद मंगलवार को बृजभूषण की पेशी हुई थी, सुनवाई शुरू होने के कुछ देर बाद ही अंतरिम जमानत पर फैसला आ गया। अदालत ने इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह और सह-आरोपी विनोद तोमर को दो दिन के लिए राहत दी है।



राउज एवेन्यू कोर्ट ने ये जमानत 25 हजार रुपये के निजी मुचलके पर मिली है। अब अदालत 20 जुलाई को दोपहर 12।30 बजे इस मामले की सुनवाई करेगी, जहां नियमित जमानत पर सुनवाई हो सकती है। मंगलवार को पेशी से पहले अदालत में कड़ी सुरक्षा की गई थी। बृजभूषण की ओर से वकील एपी सिंह, राजीव मोहन ने दलील दी जबकि दिल्ली पुलिस की ओर से अतुल श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान बृजभूषण के वकील राजीव मोहन ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बिना गिरफ्तारी के इस मामले में चार्जशीट दाखिल की है, जो धाराएं लगी हैं उनमें किसी में भी 5 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान नहीं है। बृजभूषण के वकील ने दावा किया कि हमें आज ही चार्जशीट मिल रही है, हम इसे लीक नहीं करेंगे और दूसरे लोग भी पत्रकारों में लीक ना करें। वकील की अपील के बाद जज ने कहा कि आप इन कैमरा प्रोसिडिंग के लिए हाईकोर्ट अप्रोच करें। दिल्ली पुलिस ने जमानत देने का विरोध किया और कहा कि ऐसा होने पर वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

# सीमा हैदर व सचिन को फिर साथ ले गई यूपी एटीएस !

नई दिल्ली। पाकिस्तानी सीमा हैदर मामले की जांच अब यूपी एटीएस कर रही है। उन्हें आज दोबारा पूछताछ के लिए ले जाया गया है। सोमवार को जांच टीम ने सीमा-सचिन से 8 घंटे की पूछताछ की। जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। यह पूछताछ सोमवार दोपहर ढाई बजे से रात 10 बजे तक चली। दोनों को अलग-अलग कमरों में बैठा कर बयान लिए गए। सचिन के पिता से भी पूछताछ की गई। जांच के दौरान सीमा के मोबाइल चेक किया गया तो उसका सारा डाटा डिलीट मिला। जांच एजेंसियों की मानें तो सीमा के मोबाइल से कई राज खुल सकते हैं। लेकिन उसने सारा डाटा डिलीट कर दिया है। अब सीमा के मोबाइल डाटा को रिकवर किया जाएगा। इसी के साथ उन्हें और भी कई अहम सुराग मिले हैं। सीमा के चाचा और भाई का पाकिस्तानी आर्मी में होना भी शक पैदा कर रहा है। साथ ही सीमा के बिना वीजा इंडिया आने को लेकर भी उससे पूछताछ की जा रही है। यूपी एटीएस ने सोमवार को सीमा हैदर के पासपोर्ट, आधार कार्ड और उसके बच्चों से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की। जांच के दौरान ग्रेटर नोएडा रबूपुरा थाने के थाना प्रभारी को भी बुलाया गया। थाना प्रभारी की जांच में मिले सबूतों को एटीएस ने अपनी जांच में शामिल किया।



# सुबह-सुबह शराब पीने वालों के समर्थन में आये आबकारी मंत्री !

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार में उत्पाद शुल्क और निषेध विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी के जेल जाने के बाद इस विभाग का कार्यभार संभाल रहे मंत्री मुथुसामी ने एक बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि सुबह शराब पीने वालों से बुरा नहीं बोलना चाहिए। जो कोई भी सुबह शराब पीता है उसे शराबी का लेबल नहीं दिया जाना चाहिए। मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा। जो लोग सुबह शराब पीते हैं उनकी तो बात ही अलग है। जो लोग शरीर से कठिन परिश्रम करना छोड़ देते हैं वे शराब पी रहे हैं, इससे बचने में असमर्थ हैं। ये हमें समझना चाहिए। अन्नामलाई ने 12 अगस्त 2022 को पारित एक सरकारी आदेश संख्या 425 का जिक्र किया, जिसमें सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा हटाने के लिए हाथों का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया था और कहा गया था कि राज्य में पिछले पांच वर्षों में 56 सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो गई है। यह दूसरी बार है जब मुथुसामी ने विवादित बयान दिया है। पहले भी उन्होंने कहा था कि सुबह 7 से 9 बजे के बीच काम पर निकलने वालों के लिए शराब बेचने के बारे में चर्चा शुरू की जानी चाहिए।



# बारिश ने मचायी तबाही: रायपुर, रिस्पना में लोगों के घरों में घुसा पानी





संवाददाता

देहरादून। गत देर रात्रि भारी बारिश ने रायपुर व रिस्पना क्षेत्र में नदी नालों का पानी लोगों के घरों में घुस गया जिससे कई मकान व दुकानें ध्वस्त हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार गत देर रात्रि थानाध्यक्ष रायपुर कुंदन राम को सूचना मिली कि थाना रायपुर क्षेत्र अंतर्गत शांति विहार में कुछ मकान अत्यधिक वर्षा के कारण नाले में आये अत्यधिक पानी के बहाव में ध्वस्त हो गए हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष कुन्दन राम रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक राकेश पुंडीर व पुलिस बल व आपदा संबंधी सामग्री के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुऐ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पाया कि शांति विहार में मदन सिंह नेगी पुत्र चन्दन सिंह नेगी का मकान, दिनेश अग्रवाल की दुकान, अवधेश मित्तल का मकान व शमीम की तीन दुकानें ध्वस्त हो गई हैं। अत्यधिक वर्षा में नाले में पानी का बहाव लगातार बढ़ रहा है। नाले में आए अत्यधिक पानी के कारण शांति विहार व नाले के दूसरी तरफ

## ❑कई मकान व दुकानें ढही, पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया

सपेरा बस्ती के कई मकान प्रभावित हो रहे हैं। जिसपर रायपुर पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम को सूचित करते हुए शांति विहार व नाले के दूसरी ओर सपेरा बस्ती में रहने वाले सभी व्यक्तियों को उनके घरों व दुकानों से बाहर निकाला गया। लगातार उक्त क्षेत्र में थाने की गाड़ी से सभी को सतर्क किया गया। कई घरों में लोग सोते पाये गये। पुलिस द्वारा समय से लोगों को उनके घरों से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों में ले जाया गया। जिसके कुछ समय पश्चात सपेरा बस्ती में राजू का मकान, सुरेन्द्र का मकान बहाव में ध्वस्त हो गये। पुलिस द्वारा समय से की गई कार्रवाई में घरों में सो रहे व्यक्तियो को उनके मकानों से बाहर निकाला गया। जिससे बड़ी जनहानि टल गई। सुबह तक चले रेस्क्यू में नाले में गिरी मकान के मलबों को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। सभी लोगों को लगातार सतर्क किया गया। वहीं गत दिवस भारी बारिश के कारण नेहरू कालोनी थाना क्षेत्रान्तर्गत चंचल डेयरी के पास अत्यधिक जल भराव हो जाने के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिस पर थानाध्यक्ष नेहरू कालोनी लोकेन्द्र बहुगुणा द्वारा पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया। इसी प्रकार देर रात्रि सुमन नगर में घरों में पानी घुस जाने की सूचना पर थानाध्यक्ष नेहरू कालोनी द्वारा मौके पर पहुंचकर लोगो को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया, इसी के साथ लगातार लाउड स्पीकरों के माध्यम से सभी जनसाधारण को सतर्क रहने हेतु बताया जा रहा है।

# पति ने की पत्नी की पत्थर से कुचलकर हत्या

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गृह कलेश के चलते पति ने पत्नी की पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी पति को हिरासत मे ले लिया है। वही, मृतक पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र के राजीव नगर कॉलोनी निवासी नीटू सैनी का अपनी पत्नी गीता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ा कि नीटू ने तैश में आकर अपनी पत्नी गीता की पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी। भारी बारिश के बीच हो हल्ला सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और वहां गीता की लाश देखकर स्तब्ध रह गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। जांच में पति द्वारा पत्नी की हत्या किये जाने की बात सामने आने पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। वहीं मृतका का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चुनौती से निपटने के लिए प्रशासन..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

पड़ने पर शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ द्वारा तैनात की गई फोर्स के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर सचिव सविन बंसल, एसीईओ आपदा प्रबंधन रिद्धिम अग्रवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो राष्ट्रीय घोटालों सहित कई मामलों का किया पर्दाफाश

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने हेलीकॉप्टर सेवा फर्जी वेबसाइट और बीमा पॉलिसी से जुड़े दो राष्ट्रीय घोटालों सहित कई मामलों का पर्दाफाश किया है साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस साइबर अपराधियों को पूरे भारत की विभिन्न जेलों में भेजने को प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के निर्देशो के क्रम में प्रदेश के निवासियों को साइबर अपराधियों द्वारा जनता से ठगी करने वालो पर सख्त कार्यवाही कर पुलिस महानिदेशक द्वारा एसटीएफ व साइबर पुलिस को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे। इस प्रक्रिया में उत्तराखंड साइबर विंग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ की पर्यवेक्षण में काम कर रहा है। उत्तराखंड एसटीएफ ने हाल ही में दो राष्ट्रीय घोटालों- बीमा धोखाधड़ी और फर्जी हेलीकॉप्टर वेबसाइट घोटालों का पर्दाफाश किया है।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसटीएफ टीम ने एक राष्ट्रीय बीमा घोटाले का पर्दाफाश किया है जो पिछले 6-7 वर्षों से गाजियाबाद, नोएडा से चल रहा था। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पिछले महीने दिल्ली से 1 मास्टरमाइंड अजीत राठी को गिरफ्तार किया है जो दिल्ली एनसीआर से पिछले 6-7 साल से ऑल इंडिया इंश्योरेंस धोखाधड़ी चला रहा था। आरोपियो के खिलाफ कई राज्यों में लगभग 1400 शिकायते सामने आयी है। गैंग पूरे भारत में बीमा पॉलिसी इमी, प्रीमियम, मनी रिकवरी आदि के नाम पर लोगों को ठगने में शामिल है। इसी तरह एसटीएफ द्वारा फर्जी हेली सेवा के नाम पर ठगी करने वाले तीन लोगों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी से पहले 30 अलग-अलग शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। जिनके खिलाफ कई राज्यों में लगभग 6100 शिकायतें और 280 मुकदमें दर्ज है। इन घोटालों का पर्दाफाश करने के साथ ही उत्तराखंड पुलिस महिला और बाल सुरक्षा को लेकर भी प्रतिबद्ध है। जिसके चलते उत्तराखंड पुलिस अपने ऐप के माध्यम से गौरा शक्ति सुविधा प्रदान कर रही है जहां 1.2 लाख से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया है। पुलिस का साइबर टिपलाइन बाल यौन शोषण के मामलों के लिए, एक रिपोर्टिंग तंत्र है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक रूप में बच्चों को यौन कृत्य या आचरण में चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करना शामिल है। उत्तराखंड पुलिस प्रवर्तन (केस पंजीकरण, गिरफ्तारी) और शिक्षा (साइबर, यातायात, नशीली दवाओं, महिलाओं / बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता) के लिए प्रतिबद्ध है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*